an>

Title: Issue regarding agitation by unemployed youth in Punjab.

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से बहुत गंभीर मुद्दे पर ध्यान खींचना चाहता हूं। वैसे बेरोजगारों पर पूरे देश में पुलिस के अत्याचार की घटनाओं में बहुत वृद्धि हो गयी है, चाहे वे यूपीएससी वाले छात्र हों, बेरोजगार लाइनमैन हों, लेकिन परसों की बात है कि पंजाब के मजीठा में ईटीटी के बेरोजगार नौजवानों और लड़कियों को बेरहमी से पीटा गया। मेल पुलिसमेन ने लड़कियों को बेरहमी से पीटा, एक लड़की की आंख पर 24 स्टिचेज लगी हैं, उसकी आंख खतरे में है। कई बेरोजगारों की टांगें टूट गयी हैं। माननीय मंत्री साहिबा श्रीमती हरसिमरत कौर बादल जी यहां बैठी हैं, वह इनका नेटिव गांव है, इनके घर के सामने यह घटना हुई है। मैं चाहता हूं कि सरकार इसका कोई स्थायी हल करे। वे लोग भूख हड़ताल पर बैठे हैं, मर रहे हैं। इसका स्थायी हल होना चाहिए।